पीड़ित सहायता कार्यक्रम

पीड़ित सहायता कार्यक्रम

पीड़ित सहायता कार्यक्रम (वीएपी) को अपराधी के बारे में रिपोर्ट किए गए या रिपोर्ट नहीं किए गए अपराधों के पीड़ितों को आघात-सूचित सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए विक्टोरिया राज्य सरकार द्वारा वित्त-पोषित किया जाता है, जोकि निःशुल्क है।

ी VAP का उद्देश्य पीड़ितों को एक सुलभ सेवा प्रदान करके उनकी सहायता करना है, जहां पीड़ितों की बात सुनी जाती है, उन्हें सूचित किया जाता है और उनके ठीक होने के मार्ग में उन्हें सशक्त बनाया जाता है।

हम व्यावहारिक समर्थन, वकालत, केस प्रबंधन में समर्थन और आपराधिक न्याय प्रक्रियाओं में सहायता करते हैं, तथा अनेकानेक थेरपी-हस्तक्षेपों की पहुँच को सुविधाकृत करते हैं। इन सेवाओं को सीधे VAP द्वारा प्रदान किया जा सकता है, या अन्य समुदाय-आधारित सेवाओं में रेफरल के माध्यम से इनकी व्यवस्था की जा सकती है।

आपकी सेवाओं की एक्सेस के लिए पुलिस को अपराध की सूचना दी जाने की अनिवार्यता नहीं है।

उपलब्ध सेवाएँ

VAP सेवाओं में ये शामिल हो सकती हैं:

- आपको जिन समर्थनों की आवश्यकता है, उनकी पहचान करने में सहायता करना
- आपकी सुरक्षा का प्रबंध करना
- पुलिस के साथ संचार करना
- ताले बदलना और अन्य आपातकालीन सुरक्षा
- परिवहन और चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था करना
- अन्य सेवाओं की खोज करना, जिनसे आपको सहायता मिल सकती हैं
- अदालत के लिए तैयार होना
- अदालत के लिए Victim Impact Statement बनाना
- वयस्क पैरोल बोर्ड (Adult Parole Board) के पास प्रस्तुति जमा करना
- परामर्श की व्यवस्था करना
- यदि आप पात्र हैं, तो Victims of Crime Assistance Tribunal (VOCAT) के पास आर्थिक सहायता के लिए आवेदन करना।

यह सेवा किसके लिए है?

ऐसा कोई भी व्यक्ति इस सेवा का उपयोग कर सकता है, जिसने विक्टोरिया में किसी अपराध का अनुभव किया है या किसी व्यक्ति के साथ अपराध होते हुए देखा है।

यदि आप इस बारे में अनिश्चित हैं कि आप इस सेवा के लिए पात्र हैं या नहीं, तो Victims of Crime Helpline को 1800 819 817 पर कॉल करें।

सेवा-स्थल

पीड़ित सहायता कार्यक्रम के स्थल पूरे मेलबर्न में और पूरे विक्टोरिया-भर के ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध हैं।

सेवा से संपर्क करना

Victims of Crime Helpline आपकी स्थानीय सेवा के लिए आपको रेफरल दे सकती है।

खुलने का समय: सुबह 8बजे - रात 11बजे प्रतिदिन
1800 819 817 पर **कॉल करें**

आप अपनी स्थानीय VAP सेवा से सीधे संपर्क भी कर सकते/ती हैं:

DPV Health
ख ुलने का समय: सुबह 9बजे - शाम 5बजे सोमवार-शुक्रवार (सार्वजनिक अवकाशों के अलावा)

कॉल करें: 03 7035 9721

VAPintake@dpvhealth.org.au पर **ईमेल भेजें**

Epping
230 Cooper St
Epping Victoria 3076

आपकी जानकारी और गोपनीयता

आपसे संबंधित फाइलों और रिकॉर्डों को कानून के तहत आवश्यकतानुसार गोपनीय और सुरक्षित रखा जाएगा। इस जानकारी के बिना हम आपकी आवश्यकता का समर्थन आपको उपलब्ध कराने में असमर्थ हो सकते हैं।

एजेंसी आपके बारे में जो जानकारी संभालकर रखती है, उसे कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में पीड़ित सहायता कार्यक्रम के तहत अन्य संगठनों और Victims of Crime Helpline के समक्ष प्रकट किया जा सकता है।

आपको हमारी गोपनीयता नीति के बारे में और अधिक जानकारी www.victimsofcrime.vic.gov.au/privacy पर मिल सकती है।

आपके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए

पीड़ित चार्टर अधिनियम 2006 विक्टोरिया में एक कानून है, जिसके तहत पीड़ित समर्थन सेवाओं, पुलिस और अभियोजकों को आपके साथ इस प्रकार व्यवहार करना चाहिए:

- सम्मानजनक
- शिष्टाचार और
- गरिमामय।

यदि आपको लगता है कि आपके साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया गया है या आपको सही जानकारी नहीं दी गई है, तो आप शिकायत कर सकते/ती हैं।

और अधिक जानकारी के लिए

Victims of Crime Helpline को 1800 819 817 पर **कॉल करें**

www.victimsofcrime.vic.gov.au **पर जाएँ**

DPV Health के बारे में

DPV Health एक गैर-लाभकारी सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा है, जिसे मेलबर्न के नॉर्दर्न ग्रोथ कॉरिडोर में 19 स्थलों में संचालित किया जाता है। हम अतिसंवेदनशील समुदायों के समर्थन के लिए समर्पित है, और हम व्यापक प्रकार के संबद्ध स्वास्थ्य, डेंटल, मेडिकल, NDIS, बाल चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य, आवासहीनता, पारिवारिक हिंसा और अन्य सामुदायिक कार्यक्रम उपलब्ध कराते हैं। हमने 15 अलग-अलग भाषाएँ बोलने वाले द्वि-सांस्कृतिक कर्मियों, और साथ ही प्रथम राष्ट्रों के लोगों के लिए 4 समर्पित भूमिकाओं को नियोजित किया है, तथा हम एक Rainbow Tick संगठन भी हैं जो इस समय Pride in the North का समन्वय कर रहा है।

DPV Health महानगरीय मेलबर्न के उत्तरी क्षेत्र में पीड़ित सहायता कार्यक्रम (वीएपी) प्रदाता है।

अन्य उपयोगी सेवाएँ

Lifeline
13 11 14

Kids Helpline
1800 55 1800

Rainbow Door
1800 729 367

13 YARN
13 92 76

Safe Steps 24 घंटे पारिवारिक हिंसा प्रतिक्रिया सेवा
1800 015 188

MensLine
1300 789 978

Victims of Crime Helpline

खुलने का समय: सुबह 8बजे - रात 11बजे प्रतिदिन

1800 819 817 पर **कॉल करें**

0427 767 891 पर **टेक्स्ट भेजें**

vsa@justice.vic.gov.au पर **ईमेल भेजें**

यदि आपको सुनाई नहीं देता है, या आपकी सुनने या बोलने की क्षमता में कमी है, तो हमसे National Relay Service के माध्यम से संपर्क करें।

और अधिक जानकारी के लिए www.relayservice.gov.au पर जाएँ।

www.victimsofcrime.vic.gov.au